भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 146 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार ,14 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## तरुण चुघ बोले राहुल गांधी बिहार में हार का ट्रायल कर रहे हैं, गहलोत को अपनी पार्टी की हालत देखनी चाहिए

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बिहार चुनाव में हार का ट्रायल चला रहे हैं। अभी से यह तय कर रहे हैं कि हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन सा बहाना देना है और ठीकरा किस पर फोड़ना है।

अजमेर भाजपा कार्यालय में गुरुवार को संभाग स्तरीय बैठक के दौरान चुघ ने कहा कि बिहार की जनता अब वोट नहीं, सजा देगी । इंडिया गठबंधन को जंगलराज और दादागिरी वापस लाने की सजा। चुघ ने दावा किया कि बिहार में कांग्रेस पांचवें नंबर पर रहेगी और भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी।

गहलोत द्वारा वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री योग्य बताने पर चुघ ने पलटवार करते हुए कहा, अशोक गहलोत को अपनी पार्टी की स्थिति याद करनी चाहिए, जब उनके ही उपमुख्यमंत्री उनके खिलाफ बयान देते थे।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कांग्रेस में दाल में कुछ काला नहीं, पूरी दाल ही काली है। चुघ ने बताया कि भाजपा 365 दिन सक्रिय रहने वाली पार्टी है और वंदे मातरम् कार्यक्रम को लेकर पार्टी पूरे देश में जनभागीदारी बढ़ा रही है। बैठक में राष्ट्रीय मंत्री ओपी धनखड़ सहित प्रदेश पदाधिकारी और संभाग



स्तरीय नेता मौजूद रहे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश की एजेंसियों ने हाल ही में 2800 किलो विस्फोटक और अर्बन जिहादी नेटवर्क को निष्फल कर एक बड़े षड्यंत्र को नाकाम किया है। उन्होंने कहा, देश के खिलाफ साजिश करने वाला कोई भी व्यक्ति बख्शा नहीं जाएगा कठोर सजा मिलेगी।

## थूकने के लिए सिर बाहर निकाला और 17 वर्षीय लड़के का सिर पशु एंबुलेंस से कटकर हुआ अलग, बस में मच गई चीख-पुकार

### बाड़मेर में दर्दनाक हादसा, बीमार पिता की दवा लेने जा रहे बेटे की मौके पर मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में गुरुवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। बीमार पिता की दवा लेने जा रहा 17 वर्षीय रहमतुल्लाह बस में बैठा था। सफर के दौरान उसने बस की खिड़की से सिर बाहर निकालकर थूकने की कोशिश की, लेकिन उसी क्षण सामने से आ रही एक सरकारी पशु एंबुलेंस से टक्कर लगी और उसका सिर धड़ से अलग हो गया। कुछ ही सेकंड में बस में चीख-पुकार मच गई और अंदर खून ही खून फैल गया।

यह दर्दनाक हादसा धनाऊ थाना क्षेत्र के आलमसर गांव के पास दोपहर करीब 12 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रहमतुल्लाह बीसासर गांव का रहने वाला था और अपने पिता की दवा लेने के लिए बाड़मेर शहर जा रहा था। वह बस की अंतिम सीट पर बैठा था और तभी यह भयावह हादसा हो गया।

धनाऊ थाना प्रभारी गोविंदराम ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पशु एंबुलेंस व बस दोनों को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि मृतक रहमतुल्लाह अपने पांच भाइयों में सबसे बड़ा था और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी। पिता बीमार रहते हैं और घर का खर्च किसी तरह चलता था। पुलिस ने मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर दोनों वाहनों के चालकों के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## ऑल्टो कार और सांड की जबरदस्त भिड़ंत में 1 की मौत, 3 घायल

### फूलियाकलां थाना क्षेत्र के कनेछन कलां के समीप हुआ हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा, मूलचन्द पेसवानी**

गुरुवार देर रात फूलियाकलां थाना क्षेत्र के अंतर्गत कनेछन कलां गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में एल्टो कार और सांड की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और सांड की भी मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, एल्टो कार में सवार अशरफ पुत्र अलीम कुरैशी निवासी टोडा रायसिंह जिला टोंक अपने साथियों के साथ कहीं जा रहा था। रास्ते में अचानक सड़क पर सांड आ गया, जिससे कार की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को






बाहर निकालने में मदद की।

घटना की सूचना मिलते ही फूलियाकलां पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत शाहपुरा स्थित राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अशरफ पुत्र अलीम कुरैशी की मौत हो गई। वहीं, अन्य तीन घायलों – समीर पुत्र सलीम कुरैशी, साहिल पुत्र राशिद कुरैशी और शाहरुख पुत्र मोहम्मद दीन बिसायती, सभी निवासी फूलियाकलां – को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में शाहपुरा रेफर किया गया।

हादसे में सांड की भी मौके पर मौत हो गई। कार के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए और दृश्य बेहद भयावह था। मृतक अशरफ का शव फूलियाकलां अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद मौके पर शांति है और अग्रिम कार्रवाई जारी है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज गति और अचानक सामने आए पशु को हादसे का कारण बताया जा रहा है।

इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में दुःख का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या पर ध्यान दिया जाए, जिससे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## जहाजपुर प्रधान सीता देवी गुर्जर को सुप्रीम कोर्ट से राहतः राज्य सरकार ने पदभार ग्रहण के आदेश जारी किए

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



राजस्थान सरकार के पंचायती राज विभाग ने जहाजपुर पंचायत समिति की प्रधान सीता देवी गुर्जर को पदभार ग्रहण करने की अनुमति दे दी है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट ने उनके निलंबन आदेश पर अंतरिम रोक लगाए जाने के बाद लिया गया है।

विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रधान गुर्जर के विरुद्ध पूर्व में लगाए गए आरोपों के संबंध में 5 जुलाई 2024 को जारी निलंबन आदेश क्रमांक 8676292 की प्रभावशीलता को सर्वोच्च न्यायालय ने स्थगित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने एक स्पेशल लीव पिटीशन पर सुनवाई करते हुए विभागीय आदेश को आगामी आदेशों तक स्थगित रखा है।

सर्वोच्च न्यायालय के इस अंतरिम आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार ने प्रधान सीता देवी गुर्जर को पुनः पदभार ग्रहण करने के निर्देश जारी किए हैं। यह आदेश अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव त्रिलोक चंद मीणा द्वारा जारी किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद जहाजपुर क्षेत्र की राजनीति में नई हलचल देखने को मिल रही है। पंचायत समिति में आगामी बैठकों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर अब सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## अंता में आज तय होगा सियासी समीकरण, कांग्रेस और भाजपा के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई

### 20 राउंड में होगी मतगणना, सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम-कॉलेज परिसर बना किला

**भीलवाड़ा फोकस @ बारां ।** राजस्थान की अंता विधानसभा सीट पर हुए हाई-वोल्टेज उपचुनाव का परिणाम आज तय होगा। 11 नवंबर को रिकॉर्ड मतदान के बाद अब सारा ध्यान मतगणना पर टिका है, जो सुबह 8 बजे से राजकीय पीजी कॉलेज के सेमिनार हॉल में शुरू होगी ।

यहां कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। कुल 15 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद है और आज 20 राउंड की मतगणना के बाद जनता का फैसला सामने आएगा।

मतगणना की शुरुआत पोस्टल बैलेट से की गई है, जिसके बाद ईवीएम की गिनती चल रही है। हर राउंड के नतीजे निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित किए जाएंगे और शाम तक अंतिम परिणाम स्पष्ट हो जाएगा।

मतगणना केंद्र को अभेद्य सुरक्षा घेरे में बदल दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। बाहरी घेरे में स्थानीय पुलिस, मध्य घेरे में राज्य सशस्त्र बल और अंदरूनी घेरे में केंद्रीय अर्धसैनिक बल तैनात हैं। स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल दोनों जगह 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे निगरानी रख रहे हैं। प्रवेश द्वार पर डबल लॉक सिस्टम है, जिसकी चाबियां अलग-अलग अधिकारियों के पास सुरक्षित हैं। उम्मीदवारों के एजेंट भी सख्त नियमों के तहत मतगणना स्थल पर मौजूद रहेंगे।

निर्वाचन विभाग ने मतगणना को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के



लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कॉलेज परिसर में मीडिया, पर्यवेक्षकों और सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में प्रक्रिया जारी है।

यह उपचुनाव कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। सत्तारूढ़ भाजपा के लिए यह सीट अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका है, जबकि कांग्रेस इसे जनता के विश्वास की वापसी के रूप में देख रही है। निर्दलीय उम्मीदवारों की मौजूदगी ने मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है।

मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और किसी प्रकार की हिंसा या अनियमितता की शिकायत नहीं मिली। अब सारा ध्यान इस बात पर है कि अंता की कुर्सी पर कौन बैठेगा, सत्ता पक्ष अपनी लय बरकरार रखेगा या विपक्ष वापसी की पटकथा लिखेगा। निर्वाचन विभाग के अनुसार, मतगणना दोपहर तक निर्णायक मोड़ पर पहुंच जाएगी और शाम तक विजेता का नाम साफ़ हो जाएगा।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# जंगल में बुजुर्ग चरवाहे की संदिग्ध मौत, हाथ बंधे मिले, हत्या की आशंका

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



हमीरगढ़ हवाई पट्टी के पास गुरुवार को जंगल में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग चरवाहे का शव मिलने से हड़कंप मच गया । जानकारी के अनुसार चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाना क्षेत्र के गणेशपुरा निवासी सोहनलाल गाडरी सुबह बकरियां चराने गए थे। दोपहर में जब उनके बेटे-बेटी चाय लेकर पहुंचे तो उन्होंने पिता को मृत अवस्था में देखा। परिजनों का कहना है कि सोहनलाल के दोनों हाथ बंधे हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पर किसी तरह की चोट नहीं है, लेकिन हाथ बंधे होने के कारण मामला संदिग्ध है। शुक्रवार सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा, फिलहाल हत्या और प्राकृतिक मौत दोनों पहलुओं पर जांच जारी है

# मंगरोप में हुई महिला की हत्या का खुलासा, दो आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

## साइबर टीम की मदद से बीटीएस लोकेशन व सीसीटीवी फुटेज से खुला राज़

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



मंगरोप थाना क्षेत्र में हुई महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया की 9 नवम्बर को थाना मंगरोप को सूचना मिली कि सालारिया में माधोपुरा रोड किनारे एक महिला का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका की पहचान की। मृतका के पति की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जिसपर पुलिस ने मृतका के घर से लेकर फैक्ट्री व घटनास्थल तक के रास्ते के सभी सीसीटीवी कैमरे और बीटीएस लोकेशन का गहन विश्लेषण किया। जांच में मृतका को दो युवकों के साथ शराब के ठेके के पास स्थित एक अंडे की दुकान पर शराब पीते हुए देखा गया। तीनों को एक ही मोटरसाइकिल पर चित्तौड़ रोड की ओर जाते हुए कैमरे में कैद पाया गया। दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि मृतका दोनों युवकों के साथ शराब पीने के बाद सुनसान इलाके में गई, जहां आरोपियों ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर वह भागी और सड़क पर आकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। आरोपियों ने उसे अस्पताल ले जाने के बजाय साक्ष्य मिटाने के लिए शव को झाड़ियों में फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर के चालक को भी डिटेन किया है। प्रकरण में गहन अनुसंधान जारी है और आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# विद्यार्थियों को सिखाए ट्रैफिक नियम, असहज होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने की दी सलाह



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

सशक्त समाज निर्माण के लिए बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बात आसींद थानाधिकारी हंसपाल सिंह ने गुरुवार को आदर्श नवोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ट्रैफिक नियम जागरूकता कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम के दौरान थानाधिकारी हंसपाल सिंह ने स्कूली विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी बच्चे के साथ कोई भी अनहोनी या असहज परिस्थिति उत्पन्न होती है, तो डरने के बजाय आत्मविश्वास बनाए रखें और तुरंत पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सहने नहीं, कहने की आदत डालो ,क्योंकि पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है।

उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी और बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करें, तेज गति से वाहन न चलाएं और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का प्रयोग बिल्कुल न करें। उन्होंने बच्चों से इन नियमों को घर और परिवार में भी बताने व पालन करने के लिए प्रेरित किया।

थानाधिकारी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन ठगी के खतरों से भी आगाह किया तथा उनसे बचाव के उपाय समझाए। उन्होंने कहा कि आज के समय में मोबाइल और इंटरनेट का सदुपयोग करना सीखना आवश्यक है।

उन्होंने स्कूल प्रबंधन को सुझाव दिया कि विद्यार्थियों को पुलिस थाने का भ्रमण करवाया जाए, ताकि वे पुलिस की कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं से परिचित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर देकर थानाधिकारी ने उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोतीराम बेनीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण और लगभग 450 विद्यार्थी उपस्थित रहे

# कांग्रेस नेता नीरज गुर्जर के विवादित बयान पर सरपंच संघ आक्रोशित, कानूनी कार्रवाई की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र के कोठाज गांव में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर के भाई नीरज गुर्जर द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर सरपंच संघ ने नाराजगी जताई है। इस मामले में कोटड़ी क्षेत्र के सरपंच संघ ने थाना अधिकारी महावीर मीणा को वृताधिकारी और एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

कोठाज ग्राम पंचायत के वर्तमान प्रशासक गोपाल सिंह ने बताया कि सरपंच किसी पार्टी के प्रतीक चिन्ह पर नहीं लड़ता, बल्कि वह स्थानीय जनता का प्रतिनिधि होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सरपंचों को काम नहीं करने दिया गया, जिससे आक्रोशित होकर कई सरपंचों ने भाजपा नेताओं व सरकार की विकासशील नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

संघ ने आरोप लगाया कि इसी से बौखलाए कांग्रेस नेता नीरज गुर्जर ने सरपंचों के लिए पाले हुए टॉमी जैसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, जो जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला है। जीवा का खेड़ा के पूर्व सरपंच शोभालाल जाट ने कहा कि इस प्रकार की भाषा का राजनीति में कोई स्थान नहीं है, जबकि बड़ला ग्राम के प्रशासक शिवराज जाट ने कहा कि सरपंच जनता द्वारा चुने जाते हैं, वे किसी पार्टी के गुलाम नहीं होते। सरपंच संघ ने कहा कि ऐसा बयान कांग्रेस नेताओं की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। ज्ञापन देने वालों में प्रधान करण सिंह बेलवा, जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, सरपंच एवं प्रशासक रतनलाल बलाई, सांवरमल धाकड़, कैलाश तिवाड़ी, तेजसिंह, जगन्नाथ बलाई, भीमसिंह मेड़तिया, शिवलाल जाट सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सोपुरिया विद्यालय में मौत के साये में बच्चों की पढ़ाई, दूषित पोषाहार से सेहत पर संकट

## ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण, पोषाहार कक्ष सील

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।

जहां एक ओर राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयासों में जुटी है, वहीं गेगा का खेड़ा ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोपुरिया की स्थिति इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। यहां बच्चे जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं, जबकि पोषाहार में भी गंभीर लापरवाही सामने आई है।

विद्यालय के दो कमरे पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। छत में दरारें और दीवारों से गिरता प्लास्टर किसी भी समय बड़े हादसे का संकेत दे रहे हैं। बारिश के दिनों में पानी टपकने से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होती है। गुरुवार को ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर देखा कि बच्चे दरारों वाले कमरे में फर्श पर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे।

ग्रामीणों की शिकायत पर कोटड़ी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक और सवाईपुर पीईईओ डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने जर्जर कक्ष में पढ़ाई तत्काल बंद करवाते हुए कमरे और बरामदे से बच्चों की आवाजाही रोकने के निर्देश दिए तथा नोटिस चस्पा किया।





### खराब गेहूं से बन रहा था पोषाहार, कक्ष को किया गया सील

निरीक्षण के दौरान पोषाहार कक्ष में रखे गेहूं को देखकर अधिकारी भी चौंक गए। गेहूं में कीड़े और इल्ली पड़ी हुई थी, जो सेवन योग्य नहीं था। इसके बावजूद यही गेहूं बच्चों को पोषाहार में परोसा जा रहा था। सीबीईओ पारीक ने कक्ष को तत्काल सील कर विभाग को जांच रिपोर्ट भेजी।

### अधिकारियों की अनदेखी पर भड़के ग्रामीण

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ माह पूर्व भी शिक्षकों की कमी और अव्यवस्था को लेकर विद्यालय में तालाबंदी की गई थी। कई बार निरीक्षण के बावजूद अधिकारी केवल खानापूर्ति कर चले जाते हैं। किसी ने जर्जर पट्टियों या खराब पोषाहार पर ध्यान नहीं दिया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

### भामाशाह ने नई कक्षा निर्माण की घोषणा की

स्थिति को देखते हुए विद्यालय में एसडीएमसी की बैठक बुलाई गई, जिसमें भामाशाह चंद्रपाल सिंह राणावत ने अपनी माता ब्रज कंवर के नाम पर एक नया कक्षा-कक्ष निर्माण कराने की घोषणा की। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

### इनका कहना है

ग्रामीणों की शिकायत पर विद्यालय का निरीक्षण किया। जर्जर कमरे और बरामदे को बंद करवाया। पोषाहार कक्ष में खराब गेहूं मिलने पर उसे सील कर दिया गया है। विद्यालय में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए अतिरिक्त शिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

**अशोक कुमार पारीक, सीबीईओ कोटड़ी**

पोषाहार की जानकारी संबंधित प्रभारी को है, मैंने हाल ही में यह जिम्मेदारी नहीं संभाली।



**उमा त्रिपाठी, प्रधानाचार्य, सोपुरिया**

मैंने दो माह पहले ही यह दायित्व छोड़ा है। वर्तमान प्रभारी की जानकारी प्रधानाचार्य के पास है।

**सुरेश कुमार बाबेल, पूर्व पोषाहार प्रभारी**

विद्यालय में शिक्षकों की कार्यशैली लचर है। भवन जर्जर है और पोषाहार में भी अनियमितताएं पाई गईं।

**चंद्रपाल सिंह राणावत, ग्रामीण**

शिक्षक समय पर नहीं आते। स्टाफ की कमी और खराब पोषाहार के कारण बच्चों की पढ़ाई व सेहत दोनों प्रभावित हो रही हैं।

**सत्यनारायण सालवी, ग्रामीण**

# सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस का विशेष अभियान, राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर लागू हुआ लेन ड्राइव सिस्टम



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भीलवाड़ा पुलिस ने 4 से 18 नवंबर तक विशेष अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक, राजस्थान के निर्देशों की पालना में चल रहे इस अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर थाना हमीरगढ़ से 29 मील तक लेन ड्राइव सिस्टम लागू किया गया है।

इस व्यवस्था के तहत भारी वाहन बाईं ओर तीसरी लेन, मध्यम वाहन दूसरी (मध्यम) लेन, और आपातकालीन वाहन जैसे एम्बुलेंस, पुलिस व फायर ब्रिगेड दाईं ओर पहली लेन में चलेंगे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई चालक लेन सिस्टम की अवहेलना करेगा, तो उसके विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रविन्द्र यादव और जिला परिवहन अधिकारी रामकिशन चौधरी ने ट्रांसपोर्ट नगर में चालकों और परिवहन संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला ट्रांसपोर्ट यूनियन अध्यक्ष विश्वबंधु सिंह, संरक्षक जयप्रकाश पाटनी, सुनील सोडानी, रतनलाल मीणा, राजू मोगरा, सत्यनारायण बंसल और निजी बस यूनियन से अशोक सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# QUICK BITES

## नारी शक्ति और नेतृत्व का अद्वितीय उदाहरण है झांसी की रानी की वीर गाथा: नीलू मालू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




राष्ट्र सेविका समिति भीलवाड़ा तरुणी विभाग द्वारा सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मणिकर्णिका जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम में विभाग बौद्धिक प्रमुख नीलू मालू ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन प्रसंगों के माध्यम से उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि झांसी की रानी की वीर गाथा नारी शक्ति और नेतृत्व का अद्वितीय उदाहरण है, जो यह सिखाती है कि शक्ति केवल शस्त्रों से नहीं, बल्कि बुद्धिमत्ता और साहस से भी आती है।

कार्यक्रम में तरुणी प्रमुख संगीता राजपूत ने मणिकर्णिका विषय आधारित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। विभाग प्रचार प्रमुख अर्पिता दाधीच ने विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा विश्नोई और समस्त विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया

## गांधी विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में किया प्रथम स्थान हासिल

भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा।



कस्बे के श्री गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रज्ञा पब्लिक विद्यालय, बिजयनगर में 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की छात्राएं जयश्री वैष्णव और मीनाक्षी जाट ने आयुर्वेदिक पौधों से आवश्यक उत्पाद तैयार करने विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया, जिसने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 11 के छात्र जयसिंह राठौड़ ने आर्ट एंड क्राफ्ट श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

टीम प्रभारी निराशा जैन ने बताया कि विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के अरविन्द व्यास, अरविन्द लढा, सरोज शर्मा, मोनिता आसोपा, स्वाति शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा, विधि मेठानी, मुकेश कुमार सेन, राकेश शर्मा एवं सूर्य प्रकाश गर्ग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

## रेगर बस्ती में दी फीकल स्लज मैनेजमेंट व स्वच्छता की जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।




नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई कैप की ओर से रेगर बस्ती तहनाल गेट में फीकल स्लज एवं सेपटेज मैनेजमेंट तथा स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, रेगर बस्ती तहनाल गेट के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में विद्यार्थियों ने एफएसएसएम को अपनाना है, गंदगी को भगाना है और हम सबका एक ही नारा, स्वच्छ रहे शहर हमारा जैसे नारे लगाकर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली स्कूल से प्रारंभ होकर रेगर बस्ती होते हुए तहनाल गेट तक निकाली गई और वहीं से वापस स्कूल पहुंची।

इस अवसर पर कैप आरयूआईडीपी के सहायक सामाजिक विकास अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि शहर में आरयूआईडीपी विभाग द्वारा एफएसटीपी प्लांट का निर्माण करवाया गया है, जहाँ सेप्टिक टैंकों के मलबे को विशेष वाहनों के माध्यम से लाकर ट्रीटमेंट किया जाएगा। इससे प्राप्त जैविक खाद का उपयोग कृषि कार्यों में किया जा सकेगा।

विद्यालय के शिक्षक सत्यनारायण बैरवा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि सभी को अपने घर एवं आस-पास की सफाई का ध्यान रखना चाहिए, कचरा सड़क पर नहीं फैलाना चाहिए तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नगर पालिका के माध्यम से सेप्टिक टैंक खाली करवाने के लिए भी प्रेरित किया।

# वाल्मीकि समाज सेवा समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष का विधायक ने किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी।



पंचायत समिति सभागार में वाल्मीकि समाज सेवा समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष गोपाल घूसर के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने उनका पुष्पहार व पारंपरिक मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि वाल्मीकि समाज सदैव सेवा और स्वच्छता का प्रतीक रहा है। इस समाज ने हर स्तर पर प्रेरणा और योगदान दिया है। उन्होंने नव नियुक्त अध्यक्ष गोपाल घूसर को बधाई देते हुए कहा कि वे समाज के विकास, शिक्षा, रोजगार और एकता के लिए सार्थक कार्य करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी, जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश मारू, और भाजपा नेता राजाराम पोरवाल ने भी मंच साझा करते हुए गोपाल घूसर को शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि वाल्मीकि समाज सेवा, समानता और स्वच्छता के सिद्धांतों पर कार्य करता आया है।

समारोह में कैलाश चंद्र घूसर, विष्णु घूसर, शांति प्रकाश घूसर, अनिल घूसर, कालूलाल घूसर, विजेंद्र घूसर, प्रियांशु गहलोत, देवराज जाजोट, पुष्पेंद्र कुमार घूसर, मुकेश घूसर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। गोपाल घूसर ने कहा कि यह सम्मान पूरे समाज का है और वे एकता, सहयोग व शिक्षा के प्रसार को प्राथमिकता देंगे। कार्यक्रम का संचालन शांति प्रकाश घूसर ने किया तथा विष्णु घूसर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# भाविप भगत सिंह शाखा ने मस्ती भरे माहौल में मनाया दिवाली स्नेह मिलन, भजनों में डूबे सदस्य

## शाखा सदस्या रंजना मंडोवरा ने सुरीली आवाज़ में दी भजन प्रस्तुति

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भाविप भगत सिंह शाखा द्वारा निलकंठ भवन, शास्त्री नगर में परिवारों सहित भावनाओं और उल्लास से भरा दिवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और श्री गणेश जी की वंदना से हुई। शाखा सचिव दिपेश खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम में पधारे प्रांतीय एवं अन्य शाखाओं के पदाधिकारियों का तिलक व उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। साथ ही सभी सदस्यों का भी पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा भजन सरिता' जिसे शाखा सदस्य अभिनव छापरवाल और उनकी टीम ने प्रस्तुत किया। अभिनव द्वारा प्रस्तुत भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। शाखा सदस्या रंजना मंडोवरा ने अपनी सुरीली आवाज़ में भजन प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। अन्य सदस्यों ने भी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।

कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, पारस बोहरा, श्याम कुमावत, महावीर सोनी, दिनेश शारदा, मुकेश लाठी, अरुण बाहेती सहित अन्य शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एमजी हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ की कमी पर चिंता, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

## नर्सिंग स्टाफ की कमी से मरीज सेवाओं पर असर, हार्ड ड्यूटी अलाउंस बढ़ाने की भी मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने जिले के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान महात्मा गांधी अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी और हार्ड ड्यूटी अलाउंस की विसंगतियों को लेकर चिंता जताई है।

इस संबंध में एसोसिएशन के संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज, जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली, और जिला संयोजक सावरमल स्वर्णकार ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा सचिव, प्रिंसिपल आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व जिला कलक्टर सहित अन्य उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन ने बताया कि महात्मा गांधी अस्पताल में प्रतिदिन जिले के विभिन्न हिस्सों से 5000 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने अस्पताल के बेड 533 से बढ़ाकर 850 तो कर दिए हैं, लेकिन इसके अनुरूप नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई है। वर्तमान में 107 नर्सिंग पद रिक्त हैं, जिससे मरीजों को मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने में कठिनाई हो रही है। कई नर्सिंग अधिकारी पदोन्नति या सेवानिवृत्ति के कारण स्थानांतरित हो गए हैं, जिससे स्टाफ की कमी और बढ़ गई है।

एसोसिएशन ने ज्ञापन में यह भी बताया कि नर्सिंग स्टाफ को मिलने वाला हार्ड ड्यूटी अलाउंस अत्यंत कम है, जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। इसे शीघ्र बढ़ाए जाने की मांग की गई है ताकि नर्सिंग कर्मियों को वास्तविक परिश्रम के अनुरूप लाभ मिल सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में जहां नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टर ड्यूटी पर हैं, वहां किसी भी आपात स्थिति में मरीज को लौटाया या अनावश्यक रेफर न किया जाए, अन्यथा संबंधित कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई हो। एसोसिएशन ने यह भी आग्रह किया कि नर्सिंग स्टाफ के विरुद्ध अधिकारियों द्वारा दर्ज लिखित आदेशों को वापस लिया जाए और उनकी प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही, जिन नर्सिंग अधिकारियों के एमएसीपी प्रकरण आठ माह से अधिक समय से लंबित हैं, उन्हें तुरंत निपटाने की मांग की गई है।

एसोसिएशन ने सरकार व संबंधित विभागों से इन सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि ऐसा करने से न केवल नर्सिंग समुदाय को राहत मिलेगी, बल्कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी।

# गिव अप अभियान’ में भीलवाड़ा अव्वल, 1.91 लाख से अधिक लोगों ने छोड़ा एनएफएसए लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया गिव अप अभियान लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भीलवाड़ा जिले ने इस अभियान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए 1 लाख91 हज़ार 748 लाभार्थियों से स्वेच्छा से एनएफएसए लाभ का त्याग गिव अप करवाया है।



जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि ई-केवाईसी प्रक्रिया के माध्यम से 76 हज़ार 583 अपात्र लाभार्थियों को भी योजना से हटाया गया है। इस प्रकार जिले में कुल 2 लाख 68 हज़ार 331 अपात्र व्यक्तियों को एनएफएसए सूची से बाहर किया गया, जिससे 2 लाख 42 हज़ार 857 पात्र लेकिन वंचित परिवारों को योजना में शामिल करने में सफलता मिली है।

उन्होंने बताया कि इस कदम से एक ओर अपात्र लाभार्थियों पर दी जा रही खाद्य, गैस, बीमा और चिकित्सा सब्सिडी की बचत होगी, वहीं दूसरी ओर नए पात्र लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मिश्र ने बताया कि अभियान के तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कर्मचारियों, आयकरदाताओं और एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वालों ने स्वेच्छा से एनएफएसए लाभ का त्याग कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज में जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दे रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों, मीडिया, खाद्य विभाग के कर्मचारियों तथा उचित मूल्य दुकानदारों का सराहनीय सहयोग रहा।

वर्तमान में यह योजना 31 दिसम्बर तक के लिए प्रभावी है। इसके बाद 1 जनवरी से जो अपात्र लाभार्थी स्वेच्छा से ‘गिव अप’ नहीं करेंगे, उनसे 30.57 रुपए प्रति किलोग्राम गेहूं की दर से खाद्यान्न वसूला जाएगा।

# जिला कलेक्टर की अपील, सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण में सभी नागरिक करें सहयोग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिले के सभी नागरिकों से सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण में सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण जिले के समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।



कलेक्टर संधू ने बताया कि सर्वेक्षण का उद्देश्य जिले के विकास के लिए सटीक आंकड़े एकत्रित करना, सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक डेटा उपलब्ध कराना और भविष्य की विकास रणनीति तय करने में सहायता प्रदान करना है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे सर्वेक्षण के दौरान मांगी गई जानकारी सही-सही प्रदान करें और पूछे गए प्रश्नों का ईमानदारी से उत्तर दें। साथ ही अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी इस सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि जिले के विकास का सशक्त खाका तैयार किया जा सके। कलेक्टर संधू ने कहा कि यह सर्वेक्षण हमारे जिले के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन को आपके सहयोग की आवश्यकता है ताकि हम बेहतर योजनाएं बनाकर हर नागरिक तक विकास का लाभ पहुँचा सकें।

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर 15 नवंबर तक जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

## टाउनहॉल में जिला स्तरीय प्रदर्शनी, अमृता हाट व शोभायात्रा का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में जिले में 15 नवंबर तक विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला के तहत शुक्रवार और शनिवार को नगर निगम टाउनहॉल में जिला स्तरीय प्रदर्शनी, अमृता हाट और शोभायात्रा सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियों का जायजा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी ने लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

भाटी ने आयोजन स्थल पर मंच, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और गौरव को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी, जनसंपर्क अधिकारी रविन्द्र वैष्णव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गुरलां में करोड़ों खर्च, फिर भी ग्रामीण शुद्ध पानी से वंचित

## निर्माणाधीन टंकी से अब तक नहीं मिला जल, चम्बल परियोजना का लाभ अधूरा

भीलवाड़ा फोकस @ गुरलां।

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत गुरलां में लाखों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी आज तक चालू नहीं हो सकी। ग्रामीणों को अब भी फ्लोराइड युक्त पानी वाले कुएं पर निर्भर रहना पड़ रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि टंकी बनने के बाद भी एक बूंद पानी नलों में नहीं आया। कई घरों में पाइपलाइन अधूरी है और पहाड़ी क्षेत्र के लोगों को अब भी पानी का इंतजार है। पीएचईडी विभाग ने दो माह पूर्व टंकी निर्माण पूरा कर बोरवेल खुदवाए थे, लेकिन पानी न मिलने से अब तालाब किनारे के कुएं से कनेक्शन की योजना बनाई जा रही है। वहीं, चम्बल परियोजना का पानी भी गुरलां नहीं पहुंच पाया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकारी पेयजल कुएं और चम्बल परियोजना से टंकी को जोड़ा जाए, ताकि गांव में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# एसडीएम ने गेणोली ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा ने गुरुवार को गेणोली ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची संशोधन कार्य की भी जानकारी ली । निरीक्षण के दौरान बीएलओ लक्ष्मण द्वारा घर-घर जाकर मतदाता गणना पत्रक (फॉर्म) वितरण किया जा रहा था। पत्रक में मतदाताओं के फोटो, व्यक्तिगत जानकारी, माता-पिता के नाम, विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची की भाग संख्या एवं क्रम संख्या जैसी जानकारियाँ भरी गई।

बीएलओ लक्ष्मण ने मौके पर उपस्थित मतदाताओं को मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भेरूलाल तेली, पटवारी चंदसेन तथा आशा सहयोगिनी चंद्रकला सेन भी मौजूद रही ।



## QUICK BITES

# शाह बने मुस्लिम महासभा के जिला अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी, राष्ट्रीय संरक्षक सिकंदर पठान और राष्ट्रीय प्रभारी अमजद पठान की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष इकबाल खान भाटी ने भीलवाड़ा निवासी इकबाल मोहम्मद शाह को संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

नियुक्ति की घोषणा होते ही जिलेभर में खुशी की लहर दौड़ गई। समाजजनों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि शाह के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

इकबाल मोहम्मद शाह लंबे समय से समाजसेवा, शिक्षा प्रसार और युवाओं के मार्गदर्शन से जुड़े रहे हैं। उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मसानिया मंदिर में गूंजे जयकारे, दो दिवसीय काल भैरव अष्टमी उत्सव का हुआ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



पंचमुखी मोक्षधाम स्थित श्री मसानिया काल भैरव मंदिर में दो दिवसीय काल भैरव अष्टमी जन्मोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भजन संध्या से हुई, जिसके बाद महाभिषेक और आतिशबाज़ी ने भक्तिमय माहौल बना दिया। दूसरे दिन काल भैरव यज्ञ और ध्वज स्थापना के बाद छप्पन भोग प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

समापन चिता भस्म आरती के साथ हुआ, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। आयोजन समिति अध्यक्ष रविकुमार खटीक, मंदिर अध्यक्ष रवि सोलंकी और पुजारी संतोष खटीक ने बताया कि श्रद्धालुओं की कार्यक्रम में भारी भीड़ रही।

# राजीविका महिला समिति की आमसभा आयोजित , 21 किलो गुड़ वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।





राजेन्द्र बबलू पोखरना

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना के तहत कोटड़ी पंचायत समिति परिसर में कोटड़ी श्याम राजीविका महिला सर्वांगीण सहकारी समिति की आमसभा आयोजित हुई। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान करण सिंह बेलवा ने कहा कि कोटड़ी ब्लॉक की 18 हजार महिलाएं राजीविका समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर हैं। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक लाओ गुड़ ले जाओ अभियान को राज्य स्तर पर सराहना मिली है और इसे सभी पंचायतों में 30 जनवरी तक चलाया जाएगा।

राजीविका प्रदेश अध्यक्ष अमित जोशी ने योजना की जानकारी देते हुए महिलाओं को छोटे उद्योगों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विकास अधिकारी रामविलास मीणा ने बताया कि अभियान के तहत पंचायतों में प्लास्टिक के बदले गुड़ दिया जा रहा है। इस दौरान 21 किलो गुड़ वितरित किया गया और 13 ग्राम पंचायतों की 650 महिलाएं शामिल हुईं। उप जिला प्रमुख शंकर लाल गुर्जर, कन्हैया लाल जाट, प्रहलाद सेन, थानाधिकारी महावीर मीणा, रवि टेलर, कैलाश सुथार, भेरूलाल गुर्जर, शिवलाल जाट, सुगना देवी, नीलम कंवर, ललिता, अनुष्का कंवर, पुष्पा लुहार, कविता पारीक आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 22 महिलाओं को सम्मानित किया गया। संचालन अमित जोशी ने किया और अंत में ब्लॉक प्रबंधक मुकेश कुमार ने आभार व्यक्त किया।

# महिलाओं की कृषि भूमिका पर सर्वे, वैज्ञानिकों ने केकड़ी क्षेत्र में किया अध्ययन

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर की वैज्ञानिक टीम ने गुरुवार को केकड़ी ब्लॉक के नाईखेड़ा, भराई, फर्किया, चिकलिया और देवलिया खुर्द गांवों में सर्वे किया। सर्वे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के केंद्रीय कृषिरत महिला संस्थान, भुवनेश्वर के मार्गदर्शन में ‘कृषि में महिलाएं’ परियोजना के तहत किया गया। इसका उद्देश्य कृषि कार्यों में महिलाओं की भूमिका, भागीदारी, उपकरणों के उपयोग और सरकारी योजनाओं के लाभ की स्थिति का अध्ययन करना था। टीम ने किसानों और कृषक महिलाओं से बातचीत कर महिला-पुरुष श्रम योगदान, कृषि पद्धतियों और पोषण संबंधी पहलुओं की जानकारी जुटाई। वैज्ञानिक दल में डॉ. विशाखा सिंह, डॉ. सुमित्रा मीणा, मुकेश खारवाल और दीपिका शर्मा शामिल थे। सर्वे के दौरान विधायक शत्रुघ्न गौतम ने भी सहयोग किया और क्षेत्र की कृषि समस्याओं से वैज्ञानिकों को अवगत कराया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।